वर्ष 2019-20 में भागीदारी के निर्माण के माध्यम से अनुसंधान संस्थानों की अनुसंधान और शैक्षिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने पर कई ऑनलान कार्यक्रम हुए। कुछ कार्यक्रमों में, जहाँ अंतर्राष्ट्रीय संबंध कार्यालय के डॉ. नरेश शर्मा को वक्ता और पैनल सदस्य के रूप में आमंत्रित किया गया था और उन्होंने आईआईएसईआर पुणे का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें दिनांक 17 जुलाई, 2020 को इंडिया एलायंस आईआरएमआई पहल द्वारा आयोजित “अनुसंधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी का विकास और प्रबंधन” विषय पर वेबिनार शामिल था; दिनांक 09 सितम्बर, 2020 को लिबनिज विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वर्चुअल कार्यशाला; और दिनांक 02-05 फरवरी, 2021 को भारत अनुसंधान प्रबंधन पहल (आईआरएमआई) का पहला वार्षिक सम्मेलन।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध कार्यालय अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के सहयोग से उत्कृष्टता और अध्यापन शिक्षण के लिए वर्चुअल केन्द्र स्थापित करने की दिशा में काम कर रहा है। इस केन्द्र के दायरे में विज्ञान शिक्षा में प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम (सीपीएसई) शुरू करने की योजना पर काम चल रहा है। इस संबंध में, ऑस्ट्रेलिया और यू.के. के प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ चर्चा शुरू कर दी गई है।

निर्गामी छात्र

कोविड-19 महामारी और यात्रा प्रतिबंधों के कारण निर्गामी गतिशीलता को निलंबित कर दिया गया था। कुल 7 (3 पीएचडी और 4 बीएस-एमएस) छात्रों को उनके 5वें वर्ष की परियोजना/सहयोगी अनुसंधान के लिए विदेश यात्रा करने के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए थे।

आगामी छात्र

कोविड-19 महामारी के कारण आगामी गतिशीलता का आयोजन नहीं किया गया था। कुल तीन दूरस्थ इंटर्नशिप आयोजित की गईं। एमआईटी के दो छात्र और पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के एक छात्र ने आईआईएसईआर पुणे में अपने ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के लिए संकाय सदस्यों के साथ काम किया।

साझेदारी और अक्षय निधि

संस्थान को परिसर में विभिन्न गतिविधियों के लिए कॉर्पोरेट्स और व्यक्तियों से समान रूप से समर्थन प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। हमें उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भी हमें इस तरह का जबरदस्त समर्थन मिलेगा।

उद्योगों और शैक्षिक संगठनों के साथ साझेदारी

आईआईएसईआर पुणे ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान उद्योगों और शैक्षिक संगठनों के साथ 15 अनुबंधों / समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इनमें से, दस नई साझेदारियाँ थीं, जिन्हें सहयोगी अनुसंधान परियोजनाओं के लिए निम्नलिखित संगठनों के साथ शुरू किया गया था: बॉम्बे नेचुरल हिस्टरी सोसाइटी; एक्यूरेट गेजिंग एंड इन्स्ट्रुमेन्ट्स प्रा. लि.; आईएआरआई-पुणे; एसीटीआरईसी मुम्बई; शिव नादर विश्वविद्यालय; सी-कैम्प बेंगलुरु; ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय (यूके); वेनबायोटेक प्रा. लि.; एडिनबर्ग विश्वविद्यालय; और रुद्र नैनोटेक प्रा. लि.

पिलकिंगटन टेक्नोलॉजीज मैनेजमेन्ट लिमिटेड, इंग्लैंड; केपीआईटी टेक्नोलॉजीज लिमिटेड; डेंट्स्प्लाइ सिरोना इम्प्लांट्स, स्वीडन; और ज़ुमेटर बायोलॉजिक्स इंक. के साथ अनुबंधों को साझेदारी की विस्तारित अवधि मिली। सिप्ला फाउंडेशन के साथ अनुबंध ने आईआईएसईआर पुणे कोविड-19 परीक्षण केन्द्र को समर्थन प्रदान किया।

कोविड-19 स्थिति और शारीरिक दूरी के उपायों को ध्यान में रखते हुए, संस्थान ने अधिकांश गतिविधियों को वर्चुअल मोड में स्थानांतरित कर दिया। दिनांक 19 जनवरी, 2021 और 26 फरवरी, 2021 को 'आईआईएसईआर पुणे-इंडस्ट्री कनेक्ट' कार्यक्रम आईआईएसईआर पुणे के काम, विशेष रूप से कोविड-19 महामारी की स्थिति के जवाब में, का वार्षिक अपडेट उद्योग जगत के नेताओं के साथ साझा करने के लिए आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में उनतालीस उद्योग / कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम उद्योग के नेताओं, पेशेवरों, और शिक्षाविदों को एक साथ लाने के लिए हमारी गतिविधियों का हिस्सा है, जिनकी वैज्ञानिक अनुसंधान एवं विकास में साझा रुचि है।

अक्षय निधि

अप्रैल 2020-मार्च 2021 की अवधि के दौरान, कोविड-19 महामारी के जबाव में, आईआईएसईआर पुणे ने सूचना और संसाधनों के माध्यम से महामारी को संबोधित करने के लिए एक पहल "एक साथ कोविड-19 से निपटना" शुरू की। आईआईएसईआर पुणे के संकाय सदस्यों, छात्रों, और कर्मचारियों के साथ-साथ साझेदार संगठनों के संयुक्त प्रयास में, इस कार्यक्रम में परिसर में परीक्षण केन्द्र की स्थापना, कोविड-19 पर शोध करना, और परिसर से परे समुदायों तक पहुँचना शामिल था।

आईआईएसईआर पुणे में स्थापित कोविड-19 परीक्षण केन्द्र के लिए प्राप्त सहायता

कई कॉर्पोरेट आगे आए और आईआईएसईआर पुणे में कोविड-19 परीक्षण केन्द्र (सीटीसी) के संचालन में सहायता प्रदान की।

- **आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेन्स लिमिटेड** ने आईआईएसईआर पुणे में आरटी-पीसीआर मशीन की खरीद के लिए सहायता प्रदान की।
- **सिप्ला फाउंडेशन** ने कोविड परीक्षण केन्द्र में स्वयंसेवकों के लिए सुरक्षा गियर की खरीद के लिए सहायता प्रदान की।
- **इंटीग्रेटेड डिसीजन्स एंड सिस्टम्स इंडिया प्राइवेट (IDeaS), पुणे** ने नमूनों के परीक्षण के लिए आवश्यक उपभोग्य सामग्रियों के लिए सहायता प्रदान की।
- **सीएएफ टारगेट फंड्स** ने पुणे नगर पालिका क्षेत्र से प्राप्त नमूनों को संसाधित करने के लिए आईआईएसईआर पुणे के कोविड परीक्षण केन्द्र को सहायता प्रदान की।

कोविड-19 और संबंधित अनुसंधान गतिविधियों के लिए सहायता

- **पर्सिस्टेन्ट फाउंडेशन** ने 'पुणे शहर में कोविड-19 की सीरो-निगरानी' के लिए सहायता प्रदान की। यह परियोजना आईआईएसईआर पुणे द्वारा सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय (एसपीपीयू) के सहयोग से कार्यान्वित की गई।
- **एक्साइटेल इंडिया लिमिटेड** ने संक्रामक रोगों पर अनुसंधान गतिविधियों के लिए आवश्यक उपकरणों की खरीद के लिए प्रचुर सहायता प्रदान की।

अन्य अनुसंधान गतिविधियों के लिए सहायता

- **प्रीसिजन वायर्स लिमिटेड** ने वर्ष 2017 में 'स्ट्रिंग सिद्धान्त और क्वांटम गुरुत्वाकर्षण' पर अनुसंधान के लिए सहायता प्रदान की थी। इस वर्ष अनुसंधान अनुदान का उपयोग अनुसंधान बातचीत के लिए एक बीएस-एमएस छात्र को कम-लागत वाला वाकॉम ग्राफिक टैबलेट प्रदान करने में किया गया था।
- **डॉ. सारा अहमद** ने आईआईएसईआर पुणे में नव स्थापित जल अनुसंधान केन्द्र (सीडब्ल्यूआर) के लिए उदार अक्षय निधि प्रदान की। इस अक्षय निधि का उपयोग औपचारिक व्याख्यान / संगोष्ठी / औपचारिक वार्तालाप के आयोजन, पूर्वस्नातक और स्नातक छात्रों के साथ औपचारिक और अनौपचारिक चर्चा में शामिल होने और संकाय या कर्मचारियों के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान करने जैसी गतिविधियों के लिए किया जाना है।
- **कोरिओलिस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड** ने उच्च-रिज़ॉल्यूशन जेल डॉक्यूमेन्ट सिस्टम, पीसीआर थर्मल साइक्लर और pH-चालकता मीटर जैसे उपकरणों की खरीद के माध्यम से आईआईएसईआर पुणे में जीव विज्ञान विभाग की अनुसंधान गतिविधियों के लिए सहायता प्रदान की।

छात्र विकास गतिविधियों के लिए सहायता

- **इन्फोसिस फाउंडेशन अक्षय निधि:** वर्ष 2016 में छात्र विकास गतिविधियों के लिए आईआईएसईआर पुणे को अक्षय निधि प्रदान की। वर्ष 2020-21 की रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, 45 बीएस-एमएस छात्रों और 3 एकीकृत पीएचडी छात्रों को शिक्षा शुल्क माफी प्रदान की गई थी; वर्चुअल सम्मेलन में पंजीकरण के लिए एक एकीकृत पीएचडी छात्र का भी समर्थन किया गया था।
- **आईआईएसईआर पुणे – सीमेन्स लिमिटेड पीएचडी अध्येतावृत्ति:** वर्ष 2019 में, सीमेन्स इंडस्ट्री सॉफ्टवेयर (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (SISW) आईआईएसईआर पुणे में एक पीएचडी अध्येतावृत्ति स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हुआ। मार्च 2021 में दूसरी किस्त जारी होने के साथ, 'आईआईएसईआर पुणे – सीमेन्स लिमिटेड पीएचडी अध्येतावृत्ति' शैक्षिक वर्ष 2021-2022 के दौरान स्थापित होने के लिए पूरी तरह तैयार है।
- **आईआईएसईआर पुणे – एक्साइटेल सर्वश्रेष्ठ शोध प्रबंध:** शोध प्रबंध मूल्यांकन समितियों द्वारा सात छात्रों को विजेता घोषित किया गया। वर्ष 2018 में, एक्साइटेल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आईआईएसईआर पुणे में सभी विभागों में सर्वश्रेष्ठ एमएस और शोध प्रबंध पुरस्कार की स्थापना के लिए अक्षय निधि प्रदान की।
- **आईआईएसईआर पुणे – IDeaS छात्रवृत्ति:** इंटीग्रेटेड डिसीजन्स एंड सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (IDeaS) के वार्षिक योगदान के माध्यम से बीएस-एमएस कोर्स करने वाले 6 छात्रों, एकीकृत पीएचडी कोर्स करने वाले 5 छात्रों, और पीएचडी कोर्स करने वाले 10 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई।
- **आईआईएसईआर पुणे – इनोप्लेक्सस लिमिटेड यात्रा पुरस्कार:** इनोप्लेक्सस कन्सल्टिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने यात्रा पुरस्कार की स्थापना के लिए वर्ष 2019-2020 में आईआईएसईआर पुणे को एकमुश्त वित्तीय सहायता दी। महामारी के कारण यात्रा के लिए संवितरण आस्थगित कर दिया गया था। रिर्पोटिंग अवधि (वित्तीय वर्ष 2020-21) के दौरान, इनोप्लेक्सस लिमिटेड ने पहले की अनुदान राशि के संवितरण को और आगे बढ़ा दिया। इन दो वर्षों में दान की गई राशि अब शैक्षिक वर्ष 2021-22 के दौरान छात्रों को दी जाएगी।
- **विस्तारित पीएचडी अवधि के लिए सहायता:** सिविक इंजीनियरिंग लिमिटेड का वित्तीय योगदान लॉकडाउन की स्थिति से प्रभावित चुनिन्दा छात्रों की पीएचडी अवधि को बढ़ाने में मदद करेगा।
- **बीएस-एमएस, एकीकृत पीएचडी, और पीएचडी छात्रों के लिए टॉप-अप अनुसंधान अनुदान:** त्रिमूर्ति फैब्रिकेटर्स प्राइवेट लिमिटेड और ट्वेन्टी-ट्वेन्टी इंटीरियर डिज़ाइन सॉफ्टवेयर इंडिया (प्रा) लिमिटेड ने अनुकरणीय अनुसंधान कार्य करने के लिए एकीकृत पीएचडी और पीएचडी छात्रों (तृतीय वर्ष) और बीएस-एमएम छात्रों (पाँचवें वर्ष) को अनुसंधान अनुदान के लिए एकमुश्त दान दिया।

आउटरीच गतिविधियों के लिए सहायता

- **स्कूल और पूर्वस्नातक छात्रों के लिए आणविक जीव विज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम:** जनवरी 2019 में, एपेन्डॉर्फ इंडिया लिमिटेड ने आईआईएसईआर पुणे को स्कूल और पूर्वस्नातक छात्रों के लिए आणविक जीव विज्ञान प्रशिक्षण

कार्यक्रम आयोजित करने के लिए तीन साल की अवधि के लिए वित्तीय सहायता देने की प्रतिबद्धता जताई। जनवरी 2021 से फरवरी 2021 के बीच 9 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिससे 57 छात्र लाभान्वित हुए।

- **आईआईएसईआर पुणे – प्राज मीमांसा 2020:** आईआईएसईआर पुणे के प्रमुख कार्यक्रम का 12वाँ संस्करण, वर्ष 2020 और 2021 के दो स्प्रिंग सेमेस्टर में आयोजित किया गया था। राष्ट्रीय-स्तर की अंतर-महाविद्यालय विज्ञान चुनौती, *मीमांसा* विज्ञान की ओर बढ़ते हुए संकल्पनात्मक और महत्वपूर्ण सोच पर जोर देती है। कोविड-19 स्थिति के कारण ऑनलाइन सेटिंग के अनुकूल होने के लिए टीम द्वारा किए गए बहुत सारे काम के बाद, मुख्य दौर दिनांक 06-07 फरवरी, 2021 को आयोजित किया गया था, जिसमें आईआईएससी विजेता के रूप में उभरा, इसके बाद आईआईटी-दिल्ली, आईआईटी-बॉम्बे और आईआईएसईआर कोलकाता का स्थान रहा।

- **श्रीमती इन्द्राणी बालन विज्ञान गतिविधि केन्द्र (एसएसी)** की स्थापना स्कूली शिक्षा, विशेष रूप से विज्ञान और गणित के शिक्षण और अध्ययन को सरल खिलौनों और व्यावहारिक गतिविधियों के उपयोग से मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। महामारी की स्थिति के कारण, एसएसी टीम ऑनलाइन कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शकों से जुड़ी। एसएसी टीम का इरादा अपने मुफ्त डिजिटल संसाधनों का विस्तार करने का था और इसलिए समर्थन के लिए अपने दर्शकों तक पहुँचा। अनुदान संचय समारोह "#सपोर्ट साइंस एक्टिविटी सेन्टर @ आईआईएसईआर पुणे" को आम जनता से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली।

- **सामुदायिक सेवा समूह**
  आईआईएसईआर समुदाय के सदस्यों और कर्मचारियों से युक्त सामुदायिक सेवा समूह (सीएसजी) ने संस्थान के आसपास के इलाकों और संस्थान से जुड़े परिवारों के बीच महामारी और सुरक्षा उपायों के बारे में सटीक जानकारी का प्रयास सुनिश्चित किया। सीएसजी ने ऑनलाइन स्कूली शिक्षा और शिक्षा के साथ अतिरिक्त सहायता के साथ कर्मचारियों के बच्चों की मदद करने के लिए, संस्थान में छात्र स्वयंसेवक समूह दिशा के अभ्यासिका पहल के प्रयासों का समन्वय किया। सीएसजी ने आईआईएसईआर पुणे के कर्मचारियों के लिए मास्क, साबुन, सैनिटाइज़र, और स्वच्छता किट के अधिग्रहण के लिए भीड़ जुटाई, तथा इन्हें कर्मचारियों एवं उनके परिवारों और परिसर में आने वाले आगंतुकों को वितरित किया गया था। स्थिति की तात्कालिकता को देखते हुए, सीएसजी ने निर्माण श्रमिकों और उनके परिवारों पर ध्यान केन्द्रित किया, उनमें से लगभग अस्सी, जो परिसर में फंसे हुए थे। आईआईएसईआर पुणे के कर्मचारियों और छात्रों को अनुदान संचयन की अपील भेजी गई थी। इस निधि का उपयोग पहले लॉकडाउन के दौरान दो समय का सूखा राशन, कुछ ताजे फल, कपड़े, खिलौने और किताबें उपलब्ध कराने के लिए किया गया था। सीएसजी द्वारा किए गए कुछ अन्य योगदानों में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा सलाह शामिल है।

वित्तीय वर्ष 2020-2021 के दौरान प्राप्त की गई अक्षय निधियों के उद्देश्यों का सारांश



आउटरीच गतिविधियाँ

आईआईएसईआर पुणे में शैक्षणिक और सामाजिक आउटरीच गतिविधियों के समग्र लक्ष्यों में शिक्षण विधियों में सुधार; विज्ञान में कैरियर और अनुसंधान के अवसरों के बारे में जनता को सूचित करना; और समाज पर विज्ञान के प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाना शामिल है।

श्रीमती इन्द्राणी बालन विज्ञान गतिविधि केन्द्र (एसएसी)

विज्ञान और गणित शिक्षा में उत्कृष्टता केन्द्र के व्यापक तत्वावधान में स्थापित, एसएसी छात्रों को विषय का व्यावहारिक स्वाद देने के लिए आसानी से उपलब्ध सामग्री से नवीन विज्ञान खिलौने विकसित करता है।

कोविड-19 महामारी ने स्कूल और कॉलेज की शिक्षा में रुकावट ला दी, विशेष रूप से महामारी के शुरुआती महीनों में। लॉकडाउन शुरु होने के कुछ ही समय बाद, आईआईएसईआर पुणे में श्रीमती इन्द्राणी बालन विज्ञान गतिविधि केन्द्र (एसएसी) ने अपनी गतिविधियों को ऑनलाइन स्थानांतरित कर दिया। एसएसी ने आईआईएसईआर पुणे विज्ञान गतिविधि केन्द्र के यूट्यूब चैनल पर स्कूली छात्रों और शिक्षकों के लिए विज्ञान और गणित गतिविधियों के ऑनलाइन प्रदर्शनों की श्रृंखला शुरु की। एसएसी ने यूट्यूब लाइव सत्रों और वेबिनार के माध्यम से कुल 54 सफल ऑनलाइन प्रदर्शन आयोजित किए हैं, जिसने देश के विभिन्न हिस्सों के छात्रों और शिक्षकों सहित 1 लाख से अधिक लोगों को जोड़ा।

अगली पीढ़ी के विज्ञान शिविर:
व्यावहारिक विज्ञान और गणित के साथ अपनी दहलीज पर मनोरंजक गतिविधियों की खोज करना
रविवार, जून 07, 2020 से मार्च 28, 2021 तक
यह कक्षा V से XII के पाठ्यक्रम पर आधारित अवधारणाओं के साथ एसएमसी यूट्यूब चैनल पर साप्ताहिक लाइव सत्र था। लॉकडाउन के दौरान घर पर आसानी से उपलब्ध सामग्री जैसे प्लास्टिक की बोतलें, गिलास, ट्यूब, गुब्बारे, स्ट्रॉ, मोमबत्तियाँ, और एयर ब्लोअर एवं अन्य घरेलू सामग्री का उपयोग करके विज्ञान और गणित की गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया।

श्रृंखला के लिए वीडियो फीडबैक और ईमेल के माध्यम से लगभग कुल 11,905 छात्रों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी के साथ इस कार्यक्रम को दर्शकों से बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। 1000 से अधिक दर्शकों ने प्रदर्शनों को लाइव देखा। पिछले वर्ष के लिए दर्शकों की कुल संख्या 6,45,751 से अधिक हो गई है।
वेबिनार प्लेलिस्ट:
https://youtube.com/playlist?list=PLNsl4FmzN-wka0IRUQsWfOm27lcRqYKMg

21वीं सदी के शिक्षक: अगली पीढ़ी को पढ़ाना

शनिवार, सितम्बर 12, 2020 से दिसम्बर 05, 2020 तक

रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री के सहयोग से आयोजित, यह ऑनलाइन वेबिनार श्रृंखला डिजिटल शिक्षाशास्त्र और डिजिटल कक्षाओं में उनकी प्रयोज्यता पर थी। वेबिनार में शिक्षार्थियों के मनोविज्ञान, छात्र जुड़ाव, मूल्यांकन तकनीक, अनुकरण-आधारित अध्ययन, डिजिटल अध्ययन के लिए टैक्सोनॉमी आदि जैसे विषयों को शामिल किया गया। यह ऑनलाइन श्रृंखला शिक्षा के क्षेत्र में विशेषज्ञों को एक साथ लाती है, और इसका उद्देश्य डिजिटल शिक्षा के सिद्धान्त और व्यवहार के बीच की अन्तर को कम करना है।

औसतन हर सप्ताह लगभग 200 शिक्षकों ने वेबिनार में सक्रिय रूप से भाग लिया। एसएसी यूट्यूब चैनल पर प्रत्येक वेबिनार लगभग 5,000 दर्शकों द्वारा देखा गया। कुल मिलाकर, इन वेबिनार श्रृंखलाओं को 55,000 से अधिक दर्शकों द्वारा देखा गया। वेबिनार श्रृंखला माध्यमिक और उच्च विद्यालय के शिक्षकों को लक्षित थी; हालाँकि, हमने पाया कि प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों से लेकर उच्चतर शिक्षा के संकाय और शोध छात्रों तक, सभी स्तरों के शिक्षकों ने वेबिनार में भाग लिया।

वेबिनार प्लेलिस्ट:

https://youtube.com/playlist?list=PLNsl4FmzN-wlxViG-eRmWZbBJto9ZBxfb

आइए विज्ञान और गणित से दोस्ती करें (मराठी - मैत्री करुया विज्ञान - गणिताशी)

शनिवार, अक्टूबर 03, 2020 से जनवरी 31, 2021 तक

यह 10-एपिसोड श्रृंखला लक्षित दर्शकों के रूप में महाराष्ट्र के स्कूल शिक्षकों के साथ महाराष्ट्र राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एमएससीईआरटी) के सहयोग में आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला श्रृंखला का उद्देश्य शिक्षकों को शिक्षण के लिए व्यावहारिक मॉडल अपनाकर अपनी कक्षाओं को संवादात्मक बनाने के लिए प्रशिक्षित करना है। लाइव सत्र महाराष्ट्र राज्य की क्षेत्रीय भाषा, मराठी में आयोजित किए गए थे, जिसमें विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से कक्षा V से X में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम के विषयों से संबंधित अवधारणाएँ थीं। शिक्षकों ने उनके द्वारा डिज़ाइन की गई गतिविधियों के वीडियो और चित्र भेजकर ऑनलाइन मोड में भाग लिया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के लिए, लगभग 6352 शिक्षक लाइव शामिल हुए और बाद में पिछले एक साल में इस श्रृंखला को पूरे देश में लगभग 7,06,094 दर्शकों द्वारा देखा गया।

वेबिनार प्लेलिस्ट:

https://youtube.com/playlist?list=PLNsl4FmzN-wkEbpOBghIAYqZ4AKA_CTct

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

फरवरी 28, 2021

यह हर साल 28 फरवरी को पूरे देश में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाने वाला प्रमुख सार्वजनिक कार्यक्रम है। इस वर्ष कोविड-19 महामारी संबंधी प्रतिबंधों के कारण, इस अवसर को एसएसी के विभिन्न सोशल पेजों पर वैज्ञानिक वार्ता के रूप में "आइए मिलते हैं वैज्ञानिकों से", विज्ञान गतिविधियों के ऑनलाइन लाइव प्रदर्शन, स्कूली बच्चों द्वारा क्यूरेट किए गए विज्ञान मॉडलों के वर्चुअल प्रदर्शनों के साथ साइंस गैलरी का वर्चुअल टूर के रूप में मनाया गया। यह "वैज्ञानिक स्वभाव को विकसित करना: पाठ्यक्रम से परे जाना" विषय पर पैनल चर्चा के साथ समाप्त हुआ। कार्यक्रम के लिए कुल 1,172 समवर्ती दर्शक थे और लगभग 50,224 ने पिछले पाँच महीनों में रिकॉर्ड किए गए सत्र को देखा है।

सत्र वेबलिंक:

https://youtu.be/3242yeXHzjM

अधिक गतिविधियाँ

टाटा टेक्नोलॉजीज द्वारा प्रायोजित चल रही शिक्षक-प्रशिक्षण परियोजना, "स्टेप फॉर स्टेम" के भाग के रूप में, स्तर I कार्यशाला में 200 शिक्षकों के पूल से, गतिविधि-आधारित शिक्षण टूल्स का उपयोग करने के लिए, तथा पाठ्य पाठ योजना (TLPs) और वीडियो पाठ योजना (VLPs) के रूप में एसएसी टीम के साथ संसाधनों का विकास करके स्कूल के शिक्षकों द्वारा व्यापक रूप से उपयोग किए जाने हेतु स्तर II कार्यशालाओं के लिए 50 शिक्षकों का चयन किया गया था। पिछले साल, 10 स्तर II कार्यशालाओं में से 5 को भौतिक रूप से आयोजित किया गया था और इस वर्ष शेष 5 कार्यशालाओं को ऑनलाइन मोड के लिए निर्धारित किया गया है।

पिछले साल एसएसी ने 309 स्कूली छात्रों के लिए व्यावहारिक गतिविधियों पर 10 वेबिनार भी आयोजित किए थे, जिनमें से 239 छात्रों ने पुणे क्षेत्र से और 70 छात्रों ने भूगांव से भाग लिया था। केन्द्र ने दिनांक 25/02/2021 को राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, नागपुर और दिनांक 16/03/2021 को नांदेड़ में जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान – एससीईआरटी के लिए वेबिनार के माध्यम से लगभग 12,000 शिक्षकों को शामिल करते हुए यूट्यूब लाइव सत्र के साथ ऑनलाइन सत्र भी आयोजित किए जिसको एक साथ स्ट्रीम किया गया था।

'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के तहत नवीन खिलौनों और खेलों की अवधारणा के लिए, *टॉयकैथॉन-2021* की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई थी। एसएसी ने इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया है। दिनांक 22 फरवरी, 2021 को टॉयकैथॉन ग्रैंड फिनाले के लिए दो खिलौनों और एक शिक्षण साधन का चयन किया गया था। खिलौना "सौर दर्शक" को 'पर्यावरण (TYCH12)' श्रेणी और खिलौना "मैरी-गो-राउंड" को 'अध्ययन, शिक्षा और स्कूली शिक्षा (TYCH45)' श्रेणी के अंतर्गत चुना गया था, तथा "साइंस प्लेबुक"- शिक्षण साधन को विशेष रूप से 3-12 साल के बच्चों के लिए आउट ऑफ द बॉक्स, रचनात्मक और तार्किक सोच (TYCH22) श्रेणी के अंतर्गत चुना गया था। ग्रैंड फिनाले के लिए सभी खिलौने और शिक्षण साधन आगामी वर्ष में संबंधित नोडल केन्द्रों पर अंतिम दौर के लिए प्रस्तुत किए जाएंगे।

विज्ञान मीडिया केन्द्र

आईआईएसईआर पुणे में विज्ञान मीडिया केन्द्र (एसएमसी) चार अलग-अलग क्षेत्रों में काम करता है: विज्ञान और वैज्ञानिक संचार में प्रशिक्षण; उच्चतर शिक्षा के लिए ऑनलाइन सामग्री का निर्माण; जन साधारण के लिए अनुसंधान संचार; और संस्थागत प्रचार सामग्री और कार्यक्रम प्रलेखन।

कोविड-19 से संबंधित प्रस्तुतियाँ

कोविड-19 से संबंधित जागरूकता पैदा करने के लिए, एसएमसी ने "चमगादड़ हमारे दोस्त हैं" शीर्षक पर फिल्म बनाई। एसएमसी ने चार अंग्रेज़ी और तीन मराठी एपिसोड को "10 पुणेकरों के लिए 10 प्रश्न" नामक श्रृंखला में प्रसारित किया। केन्द्र ने "कोविड-19 परीक्षण केन्द्र, आईआईएसईआर पुणे; बिना शर्त स्वयंसेवा की कहानी" शीर्षक पर फिल्म का निर्माण किया, जिसमें आईआईएसईआर पुणे में कोविड-19 परीक्षण केन्द्र में कोविड-19 स्वयंसेवकों के प्रयासों को दिखाया गया था।

ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का वीडियो निर्माण और संपादन

रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, एसएमसी ने एनपीटीईएल कार्यक्रम के अंतर्गत आईआईएसईआर पुणे के संकाय सदस्यों द्वारा संचालित 6 पाठ्यक्रमों के लिए 289 शैक्षणिक वीडियो रिकॉर्ड और संपादित किए। इसके साथ ही, एसएमसी ने महाराष्ट्र नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसकेसीएल) द्वारा समर्थित एक पहल के लिए, 24 शैक्षणिक वीडियो के रिकॉर्डिंग और संपादन, तथा टाटा टेक्नोलॉजीज द्वारा वित्त पोषित परियोजना के लिए स्क्रिप्ट लेखन, 102 पाठ योजनाओं की वीडियो रिकॉर्डिंग और संपादन के लिए विज्ञान गतिविधि केन्द्र को भी सहायता प्रदान की।

आईआईएसईआर पुणे के प्रो. प्रसाद सुब्रमणियम खगोल भौतिकी के लिए द्रव गतिकी पर एनपीटीईएल पाठ्यक्रम का परिचय देते हुए

कार्यशालाएँ और वेबिनार

वर्ष 2020-21 में, एसएमसी ने पाँच कार्यशालाओं का आयोजन किया, जिनमें से, तीन को राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी) द्वारा समर्थित किया गया था, एक आईयूसीएए पुणे द्वारा, और एक को विज्ञान प्रसार द्वारा वित्त पोषित किया गया था। इनके साथ ही दो वेबिनार आयोजित किए गए जिन्हें राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी) द्वारा समर्थित किया गया था। इन कार्यशालाओं और वेबिनार का उद्देश्य प्रतिभागियों को विज्ञान संचार, विज्ञान समाचार लेखन, क्षेत्रीय भाषाओं में विज्ञान लेखन, विज्ञान संचार के लिए फिल्म निर्माण के साथ-साथ वैज्ञानिक चित्रण में प्रशिक्षित करना था।

डीएसटी-एनसीएसटीसी द्वारा समर्थित, ऑनलाइन कार्यशाला – विज्ञान संचार के लिए एक टूल के रूप में फिल्म निर्माण

साइटॉक@एसएमसी

वर्ष 2020 में, एसएमसी ने 'साइटॉक@एसएमसी' का दूसरा सीज़न लॉन्च किया। आईआईएसईआर पुणे और इस क्षेत्र में अन्य ज्ञात संस्थाओं के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, विज्ञान संचार पेशवरों के साक्षात्कारों की श्रृंखला का आयोजन किया गया। एसएमसी ने इस सीज़न में दस वीडियो बनाए।

संस्थान को सहायता

संस्थान में विभिन्न प्रकार के ग्राफिक डिज़ाइन, चित्रण कलाकृति के लिए संस्थान की सहायता करने में केन्द्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, आईआईएसईआर पुणे में संकाय सदस्यों की अनुसंधान परियोजनाओं और कार्यक्रमों में सहायता प्रदान करने में एसएमसी टीम के सदस्यों द्वारा कुल 23 ऐसे ग्राफिक्स और कवर आर्ट डिज़ाइन विकसित किए गए थे। फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के लिए एसएमसी द्वारा 30 से अधिक कार्यक्रमों को सहायता प्रदान की गई।

फिल्म्स

निर्मित फिल्मों/वीडियो को भी व्यापक रूप से मान्यता दी गई और सराहा गया है। वर्ष 2020 में, एसएमसी द्वारा निर्मित निम्नलिखित फिल्मों को पुरस्कार प्राप्त हुए:

"द ट्रायल्स एंड ट्रायम्फ्स ऑफ जी एन रामचंद्रन" फिल्म को 'आत्मनिर्भर भारत के लिए विज्ञान और/या वैश्विक कल्याण के लिए विज्ञान' विषय पर सर्वश्रेष्ठ महोत्सव पुरस्कार की श्रेणी के अंतर्गत भारत के 6वें अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव (आईएसएफएफआई) में सम्मानित किया गया।

"सर फ्रेड हॉयल: द मैन अहेड ऑफ टाइम" फिल्म को 'सर्वश्रेष्ठ महिला विज्ञान फिल्म निर्माता / चलचित्रकार / संपादक के लिए पूनम चौरसिया स्मारक पुरस्कार' श्रेणी के अंतर्गत भारत के 10वें राष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव (एनएसएफएफ) में सम्मानित किया गया।

"पीपीई के लिए अति जल विरोधी और कीटाणुनाशक नैनो-लेप" ने कार्यरत पेशेवरों की श्रेणी के अंतर्गत आईएनएसए-एसईआरबी द्वारा माई आइज़ (फिल्म प्रतियोगिता 2020) के माध्यम से विज्ञान में तीसरा पुरस्कार जीता।

सामाजिक आउटरीच

मुख्य रूप से आईआईएसईआर पुणे के छात्र समुदाय द्वारा संकाय समन्वयकों और स्वयंसेवियों के सहयोग से संचालित संस्थान में स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक आउटरीच गतिविधियों का संचालन किया जाता है।

दिशा आईआईएसईआर पुणे में छात्रों द्वारा संचालित सामाजिक आउटरीच संगठन है। यह आईआईएसईआर पुणे के छात्रों के लिए सामाजिक आर्थिक समानता के लक्ष्य की दिशा में काम करने का एक प्लेटफॉर्म है। *दिशा* आसपास के जगहों में रहने वाले अल्पसुविधा प्राप्त और अधिकारहीन बच्चों के लिए शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए कार्य करता है।

दिशा के **अभ्यासिका और प्रज्ञा** कार्यक्रमों का उद्देश्य लमनवस्ती, आईआईएसईआर पुणे के पास की वस्ती में रहने वाले छात्रों को शिक्षित करना है। वर्ष के दौरान कोविड-19 महामारी के कारण, अब वस्ती जाना संभव नहीं था, क्योंकि कोई भी स्वयंसेवक परिसर में नहीं था। अभ्यासिका स्वयंसेवकों ने वस्ती में बड़े छात्रों (8वीं से 10वीं कक्षा के बीच) के लिए ऑनलाइन आमने-सामने की कक्षाएँ संचालित कीं। स्वयंसेवकों ने छात्रों को विज्ञान, अंग्रेज़ी, गणित और सामाजिक विज्ञान के विषयों में स्कूल में कवर किए जाने वाले विषयों पर पढ़ाया। बाद में, डॉ. सुहिता नाडकर्णी, सामुदायिक सेवा कार्यक्रम के स्वयंसेवकों में से एक के माध्यम से, लॉकडाउन के दौरान परिसर में इस गतिविधि की शुरुआत की, दिशा सदस्यों ने आईआईएसईआर पुणे में विभिन्न हाउसकीपिंग कर्मचारियों के बच्चों को पढ़ाया।

माइंडस्पार्क कार्यक्रम पड़ोस के नगरपालिका स्कूलों के 8वीं कक्षा के छात्रों को अंग्रेज़ी, गणित और सामान्य अध्ययन पढ़ाने पर केन्द्रित है। पुणे के पाषाण इलाके में स्थित *संत तुकाराम उच्च विद्यालय* के शिक्षक के सहयोग से, दिशा ने छात्रों को 8वीं कक्षा की महाराष्ट्र छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी में मदद की। शिक्षण ऑनलाइन था और नियमित आधार पर 3-4 छात्रों तक पहुँचता था।

विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य अल्प सुविधा प्राप्त पृष्ठभूमि से आने वाले 9वीं कक्षा के छात्रों के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाना और वैज्ञानिक स्वभाव को बढ़ाना है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट होने के बाद, टीम ने तीन अलग-अलग स्कूलों से संपर्क किया और विज्ञान में विभिन्न विषयों पर सप्ताहांत पर ऑनलाइन सत्र लिया। दो सेमेस्टर और गर्मियों के दौरान, उन्होंने लगभग पच्चीस सप्ताहांत पर सत्र आयोजित किए और नियमित रूप से सत्रों में लेने वाले बीस छात्रों तक पहुँचे।

प्रेरणा कार्यक्रम का उद्देश्य 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को उनकी बोर्ड परीक्षाओं और भारत में पूर्वस्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवश्यक विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। इस वर्ष, मई 2021 से प्रेरणा ने ऑनलाइन कक्षाएँ लेना शुरू किया। वे 10वीं कक्षा तक एनजीओ (पूनावाला फाउंडेशन) से सम्बद्ध छात्रों को पढ़ा रहे हैं, और उन्हें नियमित आधार पर भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और गणित पढ़ा रहे हैं। स्वयंसेवक मुख्य रूप से पीएचडी, एकीकृत पीएचडी, और वरिष्ठ बीएस-एमएस छात्र हैं।

टॉक फॉर ट्वेन्टी: यह आईआईएसईआर पुणे के छात्रों और बाहर के वक्ताओं के लिए उन मुद्दों के बारे में बोलने के लिए प्लेटफॉर्म है जिनके बारे में वे भावुक है और उन मुद्दों के बारे में दूसरों को शिक्षित करने का प्रयास करते हैं। शैक्षिक वर्ष 2020-21 में, तीन वार्ता आयोजित की गई। आईआईएसईआर पुणे के डॉ. बिजॉय थॉमस द्वारा "विश्लेषक, सलाहकार या कर्मठ कार्यकर्ता? समस्या-संचालित अनुसंधान में वैज्ञानिक की भूमिका" विषय पर वार्ता की, और श्री मकरंद सहस्रबुद्धे द्वारा "संगठनों और व्यक्तियों द्वारा सामाजिक कार्य" विषय पर वार्ता की। अंत में, एल.एस. श्रीकुट्टन (चतुर्थ वर्ष बीएस-एमएस) द्वारा "सोशल मीडिया, और इसके मनोवैज्ञानिक प्रभाव" विषय पर छात्र वार्ता की गई।

विभिन्न कार्यक्रमों को चलाने के अलावा, दिशा स्वयंसेवक अपने कार्यक्रमों के लिए संसाधनों को व्यवस्थित करने और बनाए रखने, अपने कार्यक्रमों में आवश्यक सामग्री का अनुवाद करने के लिए टीम में कार्य करते हैं और दिशा की वार्षिक पत्रिका, *पहल* में सभी को शामिल करते हैं। संसाधन टीम ने दिशा के विभिन्न ऑनलाइन संसाधनों के लिए डेटाबेस

बनाए रखने और वीडियो बनाने पर काम किया, जिसका उपयोग दिशा के अन्य कार्यक्रम कर सकते हैं। अनुवाद टीम ने विभिन्न दस्तावेजों का मराठी में अनुवाद करने में मदद की और हमारे छात्रों के लिए उन्हें सुलभ बनाने के लिए मराठी में कुछ वीडियो बनाने में भी मदद की। *पहल 2020* को दिसम्बर 2020 में ऑनलाइन जारी किया गया था।

डोर स्टेप स्कूल के साथ (सामुदायिक सेवा टीम के सहयोग से) - इस वर्ष, दिशा ने सामुदायिक सेवा टीम (विशेष रूप से डॉ. पूजा संचेती) के साथ, द सोसाइटी फॉर डोर स्टेप स्कूल्स (डीएसएस) के साथ व्यवस्था की, जिसमें डीएसएस से दो शिक्षक प्रतिदिन आईआईएसईआर पुणे आते हैं और परिसर में रहने वाले निर्माण श्रमिकों के बच्चों को पढ़ाते हैं। इस प्रयास का दीर्घकालिक उद्देश्य बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा प्रणाली में लाना है, क्योंकि वे वर्तमान में स्कूल नहीं जा रहे हैं।

प्रूथा, आईआईएसईआर पुणे के छात्रों द्वारा हरित पहल, पर्यावरण से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता पैदा करने और स्वच्छ परिसर को बढ़ावा देने के लिए काम करती है। समूह प्रकृति की सैर, कपड़े दान अभियान, और कचरे के प्रबंधन के आसपास की गतिवधियों के आयोजन में शामिल है। इनमें से कुछ गतिविधियाँ कोविड-19 लॉकडान और स्वयंसेवकों के परिसर से दूर होने के कारण प्रभावित हुईं। हालाँकि, टीम ने वर्ष 2021 की शुरुआत से ऑनलाइन गतिविधियों को फिर से शुरू किया। फरवरी 2021 में, प्रूथा ने चार सत्रों के माध्यम से कैम्पस बर्ड काउंट का आयोजन किया, जिनमें से प्रत्येक का नेतृत्व हमारे कुछ संकाय सदस्यों और पक्षियों पर छात्र विशेषज्ञों द्वारा किया गया था और 50-60 उत्साही प्रतिभागियों ने भाग लिया। टीम ने 03 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर मार्च 2021 में वन्यजीव फोटोग्राफी पर फोटोग्राफी अभियान भी आयोजित किया।

वन्यजीव फोटोग्राफी अभियान में फोटो योगदान में से एक फोटो: श्रीजित जी.जे. के द्वारा "गिरे हुए नारियल के पेड़ों पर उगने वाले मशरूम, केरल, 2007"

सहायक संरचना

सहायक संरचना और सुविधाएँ

आईआईएसईआर पुणे ने संस्थान की सुचारू कार्यप्रणाली को सुविधाजनक बनाने के लिए और परिसर में गतिविधियों का समन्वय करने के लिए संस्थागत नीतियों और प्रक्रियाओं की स्थापना की है।

सामान्य प्रशासन, वित्त, मानव संसाधन प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी आवश्यकताओं, उपकरण और उपभोज्य वस्तुओं की खरीद, सिविल, विद्युत और अन्य अभियांत्रिकी अवसंरचना से संबंधित मामले आंतरिक समितियों के साथ परामर्श करके योग्य कर्मचारी सदस्यों के द्वारा संभाले जाते हैं। आंतरिक समितियों में दोहरे उद्देश्य के साथ शिक्षण और गैरसभी: शिक्षण कर्मचारी शामिल होते हैं - की जरूरतों को पूरा करने के लिए न की भविष्यसहायक प्रणालियों की निगरानी करना और संस्था योजनाओं को विकसित और कार्यान्वित करना।

प्रशासन अनुभाग नियमित पदों और विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं के अंतर्गत कार्मिकों की भर्ती का कार्य करता है; व्यक्तिगत अभिलेख, सेवा पंजियों, और वार्षिक कार्य-निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट का रखरखाव करता है; तथा सुरक्षा, हाउसकीपिंग और परिवहन सेवाओं की सुविधा प्रदान करता है।

वित्त और लेखा अनुभाग द्वारा बजट अनुमानों की तैयारी, विभिन्न लेखा शीर्षों के तहत व्यय की निगरानी, भुगतान और संवितरण का आंतरिक लेखा परीक्षा, वार्षिक लेखों की तैयारी, और सीएजी (भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक) की लेखा परीक्षा टीम के साथ बातचीत का कार्य संभालता है।

संस्थान का **क्रय** अनुभाग नियमित खरीद और पूरे संस्थान के लिए आवश्यक सामग्री जारी करने और निविदाओं से संबंधित दर अनुबंध, रखरखाव, और सेवा को अंतिम रूप देने का कार्य संभालता है। खरीद प्रक्रिया को केन्द्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (CPPP) और सरकारी ईमार्केट (GeM) के माध्यम से प्रबंधित किया जाता है। खरीद प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और शीघ्र करने के लिए, बारंबार उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्रियों के लिए खुली ऑर्डर प्रणाली शुरू की गई है।

शैक्षिक अनुभाग छात्र प्रवेश प्रक्रिया, समय-सारणी और कक्षा की आवश्यकताओं, परीक्षाओं का आयोजन, और छात्र अभिलेखों के रखरखाव से संबंधित सभी पहलुओं को संभालता है।

परिसर 1 जीबीपीएस राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क की समर्पित लीज्ड लाइन के माध्यम से जुड़ा हुआ है और निर्बाध इंटरनेट एक्सेस के लिए 300 एमबीपीएस लाइन है। संस्थान के पास हाल ही में अपग्रेड किए गए आईटी सुरक्षा परिमाप संरक्षण के साथ पूरी तरह से नियंत्रित इनडोर और आउटडोर दोहरी बैंड परिसर व्यापक वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क है। **सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी)** अनुभाग अवसंरचना सेवाओं जैसे ईमेल, वेबसाइट, डीएनएस, एडुरोम, संस्थान सूचना प्रबंधन प्रणाली, कम्प्यूटर प्रयोगशाला, आभासी वास्तविक प्रयोगशाला, भोजन प्रबंधन प्रणाली, बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली, और प्रवेश सॉफ्टवेयर की मेज़बानी के साथ इन सुविधाओं को स्थापित और संचालन का प्रबंधन करता है। आईटी टीम संस्थान में अनुसंधान समूहों में उच्च प्रदर्शन क्लस्टरों के लिए सहायता प्रदान करती है। टीम परिसर में कार्यक्रमों के दौरान संस्थान की मशीनों और स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क, इंटरनेट फोन पर आवाज (VoIP), वीपीएन, और दृश्य-श्रव्य उपकरण का प्रबंधन करती है, तथा परिसर सुविधाएँ जैसे प्रेक्षागृह और ई-कक्षाओं के संचालन में सहायता प्रदान करती है।

वर्ष के दौरान, सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग ने दीर्घकालीन लॉकडाउन के दौरान, संस्थान में 24x7 परम ब्रह्मा सुपरकम्प्यूटर के संचालन को सफलतापूर्वक चलाया। 797 टेराफ्लॉप्स सुविधा ने संस्थान के साथ-साथ अन्य संस्थानों के कई अनुसंधानकर्ताओं को अपने आवास से कम्प्यूटेशनल उन्मुख शोध को सफलतापूर्वक करने में मदद की। दुनिया भर में बड़े साइबर सुरक्षा हमलों के बावजूद, विशेष रूप से सुपरकम्प्यूटिंग सुविधाओं पर, यह सुविधा प्रामाणिक उपयोगकर्ताओं के लिए निरन्तर आधार पर सुरक्षित रूप से उपलब्ध थी। महामारी का वर्ष होने के कारण, ऑनलाइन कक्षाओं को बड़ा बढ़ावा दिया गया था, जिसे ऑनलाइन परीक्षाओं के संचालन के अलावा सफलतापूर्वक सुगम बनाया गया था। संस्थान द्वारा भर्ती लिखित परीक्षाएँ भी सफलतापूर्वक आयोजित की गई थीं।

आईआईएसईआर पुणे परिसर में शिक्षण, अनुसंधान के लिए विश्व-स्तर की आधारभूत सुविधाएँ तथा छात्रों और कर्मचारियों के लिए आवास और मनोरंजन सुविधाएँ हैं। भौतिक आधारभूत सुविधाओं में मुख्य प्रयोगशाला भवन, लेक्चर हॉल कॉम्प्लेस, पशु गृह सुविधा, अतिथि गृह-सह-सम्मेलन केन्द्र , केन्द्रीय भोजन सुविधा के साथ छात्रावास और कर्मचारियों के लिए परिसर आवास शामिल है। इसके अलावा सामान्य सुविधाओं में आउटडोर खेलकूद सुविधाएँ और इनडोर खेलकूद कॉम्प्लेक्स शामिल हैं। **अभियांत्रिकी** अनुभाग रखरखाव के साथ परिसर की सभी निर्माण गतिविधियों को संभालता है।

अनुसंधान और प्रशासन के अंतराफलक पर कार्य करते हुए, निम्नलिखित क्षेत्रों में सहायता के माध्यम से आईआईएसईआर पुणे की आगे की अनुसंधान प्रगति के लिए **अनुसंधान प्रशासन और विकास एकीकरण कार्यालय (आरएडीआईओ)** की परिकल्पना की गई, जिसमें अनुसंधान वित्त पोषण संग्रह, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी को मजबूत करना; बंदोबस्ती निधि लाना; वार्षिक रिपोर्ट, संस्थान की वेबसाइट और सोशल मीडिया पोर्टल सहित प्रिंट एवं ऑनलाइन मीडिया के द्वारा अनुसंधान संचार के माध्यम से कार्य करना; तथा सक्रिय रूप से सरकारी और निजी निकायों के विभिन्न हितधारकों, भूतपूर्व छात्रों, और जनता के सदस्यों को शामिल करना है।

श्रीनिवास रामानुजन पुस्तकालय परिसर में शैक्षणिक और अनुसंधान कार्य का एक अभिन्न अंग है। यह संस्थान में 27000 से अधिक प्रिंट पुस्तकों, 4000 ई-जर्नल्स, और 6000 से अधिक ई-पुस्तकों के साथ शिक्षण, अध्ययन, और अनुसंधान कार्यक्रमों का समर्थन करता है। पुस्तकालय इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, और मल्टीमीडिया संसाधनों तक पहुँच की सुविधा प्रदान करता है तथा आवश्यक और विशिष्ट ऑनलाइन जानकारी एवं अनुसंधान सहायता सेवाएँ प्रदान करता है। वर्ष 2020-21 के दौरान कई ऑनलाइन संसाधन और 922 प्रिंट पुस्तकें पुस्तकालय संग्रह में जोड़ी गईं। ई-शोधसिंधु – शिक्षा (एमओई), भारत सरकार के द्वारा गठित उच्चतर शिक्षा ई-संसाधनों के लिए राष्ट्रीय सहायता संघ और 'आईआईएसईआर पुस्तकालय सहायता संघ' बड़ी संख्या में जर्नल और ऑनलाइन संसाधनों की सदस्यता की सुविधा प्रदान करता है। पुस्तकालय सेवाएँ पूरी तरह से सभी आवश्यक सॉफ्टवेयर टूल्स तथा आरएफआईडी प्रौद्योगिकी और बायोमेट्रिक उपयोगकर्ता प्रमाणीकरण प्रणाली के साथ एकीकृत परिसंचरण कियोस्क के साथ स्वचालित हैं।

पुस्तकालय विभिन्न अनुसंधान टूल्स और अनुसंधान सहायता सेवाओं जैसे साहित्यिक चोरी जाँच सेवा, ई-संसाधनों के लिए रिमोट ऐक्सेस पोर्टल, वर्तमान जागरूकता सेवा, दस्तावेज वितरण सेवा, अंतर पुस्तकालय ऋण, लेखक कार्यशालाएँ, अभिविन्यास, प्रशिक्षण और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए ऑनलाइन पहुँच प्रदान करता है। आईआईएसईआर पुणे के संकाय, छात्रों, कर्मचारियों और संस्थान से जुड़े अन्य लोगों के विद्वत्तापूर्ण परिणाम को संरक्षित करने और त्वरित पहुँच प्रदान करने के लिए डिजिटल रिपॉज़िटरी (DR) की स्थापना की गई है। यह व्यापक समुदाय के साथ अपने अनुसंधान कार्य को साझा करने के लिए आईआईएसईआर पुणे समुदाय के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है। रिपॉज़िटरी में उपलब्ध अभिलेखों के मेटाडेटा को भी भारत के राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय के साथ एकीकृत किया गया है।

पुस्तकालय आवश्यकता-आधारित सूचना सेवाओं को डिज़ाइन करने और वितरित करने में सक्रिय रूप से लगा हुआ है। कोविड-19 महामारी के दौरान, पुस्तकालय उपयोगकर्ता समुदाय के साथ निरंतर जुड़ा रहा और 'रिमोर्ट ऐक्सेस पोर्टल' के माध्यम से ई-संसाधनों तक ऑफ-कैम्पस पहुँच प्रदान करके अपने शिक्षाविदों को सहायता प्रदान की।

परिसर में जीवन: छात्रों और कर्मचारियों के लिए परिसर आवास के साथ, आईआईएसईआर पुणे परिसर में 24x7 एम्बुलेन्स सेवा के साथ स्वास्थ्य क्लिनिक, डेकेयर सुविधा, भोजन कक्ष, जिम, तथा इनडोर एवं आउटडोर खेलकूद सुविधाओं में बास्केटबाल कोर्ट, फुटबाल और क्रिकेट शामिल है। प्रत्येक वर्ष वृक्षारोपण करने से परिसर हरा-भरा है। छात्र क्लब जैसे *दिशा, प्रूथा*, और SPICMACAY@IISER शैक्षणिक, सांस्कृतिक, और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से परिसर के अन्दर और बाहर के समुदाय के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

परिसर में आधारभूत संरचना और सुविधाओं की आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए कुल 151 संकाय सदस्य (131 नियमित संकाय सदस्य + 20 संकाय अध्येता, स्वतंत्र वैज्ञानिक, और अभ्यागत संकाय); 131 गैर-शिक्षण कर्मचारी सदस्य; 62 पोस्टडॉक्टरेट अध्येता; 1654 छात्र (382 पीएचडी, 201 एकीकृत पीएचडी, और 1071 बीएस-एमएस); तथा बाहरी परियोजनाओं के माध्यम से 112 अनुसंधान और प्रबंधन कर्मचारी भर्ती किए गए। यह संख्या दिनांक 31 मार्च, 2021 तक की है।

लेखा – एक नज़र में

लेखा – एक नज़र में 120

तुलन पत्र 121

आय एवं व्यय विवरण 122

लेखा – एक नज़र में

संस्थान का वार्षिक लेखा दिनांक 21 मई, 2021 को आयोजित वित्त समिति और शासक मंडल की बैठक में अनुमोदित किया गया था। दिनांक 17 जून - 07 जुलाई, 2021 के दौरान वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए वार्षिक लेखा परीक्षा की गई। वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए तुलन पत्र और आय एवं व्यय विवरण निम्नलिखित पृष्ठों में दिए गए है।

राजस्व ₹ 14.00 करोड़
पूँजी ₹ 48.50 करोड़
वेतन ₹ 46.49 करोड़



शिक्षा मंत्रालय से प्राप्त निधि

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, आईआईएसईआर पुणे ने राजस्व, पूँजी, और वेतन बजट शीर्षों के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय से रु. 108.99 करोड़ की राशि प्राप्त की। तीनों बजट शीर्षों का अलग-अलग विवरण ऊपर दिया गया है।

कायिक निधि

दिनांक 31 मार्च, 2021 तक आंतरिक राजस्व से कमाई गई संचयी कायिक निधि रु. 73.88 करोड़ है। संस्थान ने आंतरिक प्राप्तियों से वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान रु. 11.99 करोड़ की राशि कमाई।

बाहरी अनुदान

कई अनुसंधान परियोजनाओं को व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धी अनुसंधान अनुदानों के माध्यम से बाहरी अनुदान से समर्थन प्राप्त होता है जिसे संकाय सदस्यों ने प्राप्त किया है। वर्ष 2020-21 के दौरान, संस्थान द्वारा बाहरी अनुदान के माध्यम से कुल रु. 103.48 करोड़ की राशि प्राप्त की गई। वर्ष 2020-21 के दौरान शुरु किए गए नए अनुदान इस प्रतिवेदन के *परिशिष्ट* खंड में सूचीबद्ध है।

अक्षय निधि

आईआईएसईआर पुणे में कुछ गतिविधियाँ कॉर्पोरेट संगठनों से प्राप्त अक्षय निधि के माध्यम से समर्थित हैं। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, अक्षय निधि के माध्यम से रु. 3.07 करोड़ प्राप्त हुए। विवरण इस प्रतिवेदन के अध्याय शीर्षक "साझेदारी और अक्षय निधि" में दिया गया है।

तुलन पत्र

दिनांक 31 मार्च, 2021 को

राशि रुपये में

निधियों के स्रोत	अनुसूची	चालू वर्ष 2020-21	पिछला वर्ष 2019-20
कायिक / पूँजीगत निधि	1	678,21,94,867	681,60,15,159
निर्दिष्ट / उद्दिष्ट / अक्षय निधियाँ	2	36,72,08,888	16,45,29,184
चालू देयताएँ एवं प्रावधान	3	103,58,81,215	88,00,22,010
कुल		**818,52,84,970**	**786,05,66,353**

निधियों के स्रोत	अनुसूची	चालू वर्ष 2020-21	पिछला वर्ष 2019-20
स्थायी परिसम्पत्तियाँ	4		
मूर्त परिसम्पत्तियाँ		597,51,38,227	604,10,38,059
अमूर्त परिसम्पत्तियाँ		5,52,76,519	4,94,55,401
पूँजीगत कार्य प्रगति पर		1,29,31,858	10,65,75,958
उद्दिष्ट / अक्षय निधियों से निवेश	5		
दीर्घावधि		-	-
अल्पावधि		16,03,15,103	15,35,22,078
निवेश – अन्य	6	172,60,76,078	116,22,12,698
चालू परिसम्पत्तियाँ	7	3,87,22,685	15,41,45,736
ऋण, अग्रिम एवं जमा राशि	8	21,68,24,496	19,36,16,420
कुल		**818,52,84,970**	**786,05,66,353**
		0	**0**
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ	23		
आकस्मिक देयताएँ और लेखाओं पर टिप्पणियाँ	24		

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे के लिए एवं की ओर से

हस्ता/-
सीए. वसुंधरा लाड
संयुक्त कुलसचिव (वित्त एवं लेखा)

हस्ता/-
कर्नल जी. राजा सेखर (रिटा.)
कुलसचिव

हस्ता/-
प्रो. जयंत बी. उदगांवकर
निदेशक

स्थान: पुणे | **दिनांक:** मई 04, 2021

आय एवं व्यय विवरण

दिनांक 31 मार्च, 2021 को

राशि रुपये में

विवरण	अनुसूची	चालू वर्ष 2020-21	पिछला वर्ष 2019-20
आय			
शैक्षिक प्राप्तियाँ	9	6,00,58,697	5,96,25,266
अनुदान / सब्सिडीज	10	94,12,05,186	112,68,00,000
निवेशों से प्राप्त आय	11	-	-
अर्जित ब्याज	12	-	-
अन्य आय	13	2,68,48,221	5,68,69,687
पूर्व अवधि की आय	14	9,92,948	3,17,01,521
कुल (A)		**102,91,05,052**	**127,49,96,474**
व्यय			
कर्मचारियों को भुगतान एवं हितलाभ *(स्थापना व्यय)*	15	47,50,95,632	49,85,33,629
शैक्षिक व्यय	16	14,88,44,334	13,94,70,907
प्रशासनिक और सामान्य व्यय	17	23,40,83,367	27,95,59,682
परिवहन व्यय	18	47,84,633	57,70,186
मरम्मत एवं रखरखाव	19	7,05,82,319	13,55,85,067
वित्त लागत	20	60,560	2,39,743
मूल्यह्रास	4	35,60,89,134	33,98,01,466
अन्य व्यय	21	10,75,567	11,65,901
पूर्व अवधि के व्यय	22	76,71,721	7,39,452
कुल (B)		**129,82,87,267**	**140,08,66,033**
व्यय पर आय का आधिक्य शेष (A-B)		**(26,91,82,215)**	**(12,58,69,559)**
घटाएं: निर्दिष्ट निधि में स्थानांतरण			
अन्य – संस्थान आरक्षित निधि (अनु. 9 + अनु. 13)		-	(11,64,94,953)
घटाएं: कॉर्पस से राजस्व व्यय के आधिक्य को समायोजित किया गया		-	2,33,93,859
निवल को संस्थान आरक्षित निधि में ले जाना है		-	(9,31,01,094)
पूँजीगत निधि में स्थानांतरण (मूल्यह्रास)		35,60,89,134	33,98,01,466
राजस्व व्ययों के लिए सहायता अनुदान का अधिक उपयोग (अनुसूची 3C)			
राजस्व व्ययों के लिए सहायता अनुदान का कम उपयोग (अनुसूची 3C)			12,08,30,813
आधिक्य / घाटा होने के कारण शेष को संस्थान कायिक निधि में ले जाया गया		8,69,06,919	
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ	23		
आकस्मिक देयताएँ और लेखाओं पर टिप्पणियाँ	24		

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे के लिए एवं की ओर से

हस्ता/-	**हस्ता/-**	**हस्ता/-**
सीए. वसुंधरा लाड	**कर्नल जी. राजा सेखर (रिटा.)**	**प्रो. जयंत बी. उदगांवकर**
संयुक्त कुलसचिव (वित्त एवं लेखा)	कुलसचिव	निदेशक

स्थान: पुणे | **दिनांक:** मई 04, 2021

परिशिष्ट

वर्ष 2020 में शोध प्रकाशन 124

आमंत्रित व्याख्यान 145

शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन 149

प्राप्त नए बाहरी अनुदान 149

वर्ष 2020 में शोध प्रकाशन

संस्थान के सदस्यों द्वारा हमारे परिसर पुस्तकालय के साथ साझा की गई जानकारी से सूची तैयार की गई है और इसके अतिरिक्त आईआईएसईआर पुणे को प्राथमिक संबद्धता के रूप में रखने वाले लेखकों के वेब ऑफ साइंस डेटाबेस से प्राप्त पेपर भी शामिल हैं।

संकाय सदस्यों, अध्येताओं, और वैज्ञानिकों के नाम मोटे अक्षरों में दर्शाए गए हैं।

जीव विज्ञान

01. भट्टाचार्जी, अनिंद्या एस.; जोशी, समीर वी.; नाइक, शिल्पा; सांगले, शशिकला; **अब्राहम, निक्सन एम.** 2020। क्वांटिटेटिव असेसमेन्ट ऑफ ओल्फैक्टरी डिस्फंक्शन ऐक्यूरेटली डिटेक्ट्स असिम्प्टोमेटिक कोविड-19 कैरीअर्स। *ईक्लिनिकलमेडिसिन,* 28.
https://doi.org/10.1016/j.eclinm.2020.100575

02. जोदर, टिफ़नी ओना; लागे-रूप्रेच्ट, वैनेसा; **अब्राहम, निक्सन एम.**; रोज़, क्रिस्टीन आर.; एगर, वेरोनिका. 2020। लोकल पोस्टसिनेप्टिक सिग्नलिंग ऑन स्लो टाइम स्केल्स इन रेसिप्रोकल ओलाफैक्टरी बल्ब ग्रेन्यूल सेल स्पाइन्स मैचेस असिन्क्रोनस रिलीज। *फ्रंटियर्स इन सिनेप्टिक न्यूरोसाइंस*, 12.
https://doi.org/10.3389/fnsyn.2020.551691

03. **असीसी, कॉलिन्स**; स्टॉपर, मार्क; बाझेनोव, मैक्सिम. 2020। ओप्टिमलिटी ऑफ स्पार्स ओल्फैक्टरी रिप्रजेन्टेशन्स इज नॉट अफेक्टेड बाइ नेटवर्क प्लास्टिसिटी। *पीएलओएस कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी*, 16(2), e1007461.
https://doi.org/10.1371/journal.pcbi.1007461

04. जोशी, यश जे.; जावले, यश के.; **आठले, चैतन्य ए.** 2020। मॉडलिंग द ट्यूनेबिलिटी ऑफ द डूअल-फीडबैक जेनेटिक ऑसिलेटर। *फिजिकल रिव्यू ई*, 101(1).
https://doi.org/10.1103/PhysRevE.101.012417

05. खेतान, नेहा; **आठले, चैतन्य ए.** 2020। एस्टर स्वार्मिंग बाइ सिम्मेट्री ब्रेकिंग ऑफ कॉर्टिकल डायनेइन ट्रांसपोर्ट एंड कपलिंग काइनेसिन्स। *सॉफ्ट मैटर*, 16(37), 8554-8564.
https://doi.org/10.1039/D0SM01086C

06. मुंगी, मानसी; **आत्रेया, रमणा**. 2020। रैपिड फोटोग्रामेट्री ऑफ मोर्फोलॉजिकल ट्रेट्स ऑफ फ्री-रेंजिंग मोथ्स। *इकोलॉजिकल एंटोमोलॉजी*, 45(5), 911-923.
https://doi.org/10.1111/een.12907

07. बैग, उल्फत; लक्ष्मी, विद्या; ओझा, आकांक्षा; वाटवे, मिलिंद. 2020। जेरीऐट्रिक इन्फेक्शन्स: डिक्रीज्ड इम्युनिटी ऑर इवॉल्व्ड अपोर्चुनिस्ट्स? *जर्नल ऑफ बायोसाइंसेज*, 45.
https://doi.org/10.1007/s12038-020-0025-x

08. डे, अमित कुमार; **बाल, विनीता** और अन्य 2020। सेलिवरी प्रोटियोम सिग्नेचर्स इन दि अर्ली एंड मिडिल स्टेजेस ऑफ ह्यूमन प्रेग्नेंसी विथ टर्म बर्थ आउटकम। *साइंटिफिक रिपोर्ट्स*, 10.
https://doi.org/10.1038/s41598-020-64483-6

09. बुवा, नताशा; मजूमदार, देबस्मिता; **बालासुब्रमणियन, नागराज.** 2020। केवियोलिन1 टायरोसिन-14 फॉस्फोरिलेशन: रोल इन सेलुलर रिस्पॉन्सिवनेस टू मैकेनिकल क्यूज। *जर्नल ऑफ मेम्ब्रेन बायोलॉजी*, 253(6), 509-534.
https://doi.org/10.1007/s00232-020-00143-0

10. हरिकृष्णन, कीर्ति; जोशी, ओमकार; मदनगिरिकर, सैली; **बालासुब्रमणियन, नागराज**. 2020। सेल डेराइव्ड मैट्रिक्स फिबुलिन-1 एसोसिएट्स विथ एपिडर्मल ग्रोथ फैक्टर रिसेप्टर टू इन्हिबिट इट्स एक्टिवेशन, लोकलाइज़ेशन एंड फंक्शन इन लंग कैंसर कालू-1 सेल्स। *फ्रंटियर्स इन सेल एंड डेवलपमेन्टल बायोलॉजी*, 8.
https://doi.org/10.3389/fcell.2020.00522

11. फ्रुचर्ड, सेसिल; बदौइन, हेलेन; लैट्रासे, डेविड; देवनी, रवि एस.; म्यूल, एलाइन; रोन, बेनेडिक्ट; रेनर, सुज़ैन एस.; **बनर्जी, अंजन के.**; बेंदाहमाने, अब्देलहाफिद; मैरस, गेब्रियल ए. बी. 2020। एविडेन्स फॉर डोसेज कम्पेन्सेशन इन कोक्सिनिया ग्रैंडिस, ए प्लांट विथ ए हाइली हेटरोमोर्फिक एक्सवाई सिस्टम। *जीन्स*, 11(7).
https://doi.org/10.3390/genes11070787

12. कोंढ़ारे, कीर्तिकुमार आर.; नटराजन, भवानी; **बनर्जी, अंजन के.** 2020। मोलेक्यूलर सिग्नल्स देट गवर्न ट्यूबर डेवलपमेन्ट इन पोटेटो। *इंटरनेशनल जर्नल ऑफ डेवलपमेन्टल बायोलॉजी*, 64(1-3), 133-140.
https://doi.org/10.1387/ijdb.190132ab

13. कुमार, अमित; कोंढ़ारे, कीर्तिकुमार आर.; मालनकर, नीलम एन.; **बनर्जी, अंजन के.** 2020। द पॉलीकोम्ब ग्रूप मिथाइलट्रांसफरेज StE(z)2 एंड डिपॉजिशन ऑफ H3K27me3 एंड H3K4me3 रेग्युलेट्स दि एक्सप्रेशन ऑफ ट्यूबराइज़ेशन जीन्स इन पोटेटो। *जर्नल ऑफ एक्सपेरिमेन्टल बोटनी*, 72(2).
https://doi.org/10.1093/jxb/eraa468

14. कुमार, अमित; कोंढ़ारे, कीर्तिकुमार आर.; वेताल, पल्लवी विजय; **बनर्जी, अंजन के.** 2020। PcG प्रोटीन्स MSI1 एंड BMI1 फंक्शन अपस्ट्रीम ऑफ miR156 टू रेग्युलेट देअर एरियल ट्यूबर फॉर्मेशन इन पोटेटो। *प्लांट फिजियोलॉजी*, 182(1), 185-203.
https://doi.org/10.1104/pp.19.00416

15. नटराजन, भवानी; **बनर्जी, अंजन के.** 2020। माइक्रोRNA160 रेग्युलेट्स लीफ कर्वेचर इन पोटेटो (सोलेनम ट्यूबरोसम L. cv. Désirée)। *प्लांट सिग्नलिंग एंड बिहेवियर*, 15(5).
https://doi.org/10.1080/15592324.2020.1744373

16. देवनी, रवि सुरेश; कुटे, अपूर्वा; जॉन, शीबा; अधिकारी, सुप्रिया; सिन्हा, संग्राम; **बनर्जी, अंजन कुमार**. 2020। डेवलपमेन्ट ऑफ ए वायरस-इंड्यूस्ड जीन साइलेन्सिंग सिस्टम फॉर डायोसियस कोक्सिनिया ग्रैंडिस। *मोलेक्यूलर बायोटेक्नोलॉजी*, 62, 412-422.
https://doi.org/10.1007/s12033-020-00259-7

17. बंग, आलोक; खडक्कर, सुवर्णा. 2020। ओपिनियन: बायोडाइवर्सिटी कन्जर्वेशन ड्यूरिंग ए ग्लोबल क्राइसिस: कॉन्सिक्वेन्सेस एंड द वे फॉर्वर्ड। *प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल अकेडमी ऑफ साइंसेज ऑफ दि यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका*, 117(48), 29995-29999.
https://doi.org/10.1073/pnas.2021460117

18. चंद्रू, कुहान; जिया, टोनी जेड.; मामाजानोव, इरेना; बापट, नीरजा; क्लीव्स, एच. जेम्स. 2020। प्रीबायोटिक ओलिगोमेरिज़ेशन एंड सेल्फ-असेम्बली ऑफ स्ट्रक्चरली डाइवर्स जेनोबायोलॉजिकल मोनोमर्स। *साइंटिफिक रिपोर्ट्स*, 10.
https://doi.org/10.1038/s41598-020-74223-5

19. गांगुली, एस.; **बरुआ, दीपक**. 2020। हाइ हर्कोगैमी बट लो रेसिप्रोसिटी कैरेक्टराइज़्स आइसोप्लेथिक पोपुलेशन्स ऑफ *जैस्मिनल मालाबेरिकम*, ए स्पीसीज विथ स्टिग्मा-हाइट डाइमोर्फिज्म। *प्लांट बायोलॉजी*, 22(5).
https://doi.org/10.1111/plb.13127

20. ब्रिट्ज़, राल्फ; **डहानुकर, नीलेश**; अनूप, वी. के.; फिलिप, सिबी; क्लार्क, ब्रेट; राघवन, राजीव; रूबेर, लुकास. 2020। एनिग्माचन्निडे, ए न्यू फैमिली ऑफ स्नेकहेड फिशेज (टेलोस्टेई: चन्नोईदेई) फ्रॉम सब्ट्रेनीअन वॉटर्स ऑफ साउथ इंडिया। *साइंटिफिक रिपोर्ट्स*, 10, आर्टिकल 16081.
https://doi.org/10.1038/s41598-020-73129-6

21. ब्रिट्ज़, राल्फ; **डहानुकर, नीलेश**; स्टैंडिंग, एरियन; फिलिप, सिबी; कुमार, बिजू; राघवन, राजीव. 2020। ऑस्टियोलॉजी ऑफ 'मोनोप्टरस' रोसेनी विथ द डिस्क्रिप्शन ऑफ रक्थमिथिस, न्यू जीनस, एंड कमेन्ट्स ऑन द जेनरिक असाइमेन्ट ऑफ दि एम्फिप्नाउस ग्रूप स्पीसीज (टेलोस्टेई: सिनब्रांचिफोर्मेस)। *इचथ्योलॉजिकल एक्सप्लोरेशन ऑफ फ्रेशवॉटर्स*, आईईएफ, 1-6.
https://doi.org/10.23788/IEF-1163

22. काटवटे, उन्मेष; नाइट, जे. डी. मार्कस; अनूप, वी. के.; राघवन, राजीव; **डहानुकर, नीलेश**. 2020। थ्री न्यू स्पीसीज ऑफ फिलामेन्ट बार्ब्स ऑफ द जीनस डॉकिन्सिया (टेलोस्टेई: साइप्रिनिडे) फ्रॉम द वेस्टर्न घाट्स ऑफ इंडिया। *वर्टेब्रेट ज़ूलॉजी*, 70(2), 207-233.
https://doi.org/10.26049/VZ70-2-2020-08

23. काटवटे, उन्मेष; कुमकर, प्रदीप; राघवन, राजीव; **डहानुकर, नीलेश**. 2020। टेक्सोनोमी एंड सिस्टमेटिक्स ऑफ द 'महाराज बार्ब्स' (टेलोस्टेई: साइप्रिनिडे), विथ द डिस्क्रिप्शन ऑफ ए न्यू जीनस एंड स्पीसीज फ्रॉम द वेस्टर्न घाट्स, इंडिया। *ज़ूटाक्सा*, 4803(3), 544-560.
https://doi.org/10.11646/zootaxa.4803.3.9

24. प्रसाद, कांते कृष्णा; श्रीनिवासुलु, चेलमला; श्रीनिवासुलु, आदित्य; अनूप, वी. के.; **डहानुकर, नीलेश**. 2020। *इंडोरियोनेक्टेस तेलंगानैसिस*, ए न्यू स्पीसीज ऑफ लोच (टेलोस्टेई: नेमाचीलिडे) फ्रॉम द गोदावरी बेसिन ऑफ इंडिया। *ज़ूटाक्सा*, 4878(2), 335-348.
https://doi.org/10.11646/zootaxa.4878.2.7

25. राज, स्मृति; कुमार, अप्पुकुट्टनैर बिजू; राघवन, राजीव; **डहानुकर, नीलेश**. 2020। अमेजनियन इन्वेडर्स इन एन एशियन बायोडाइवर्सिटी हॉटस्पॉट: अंडरस्टैन्डिंग डेमोग्राफिक्स फॉर द मैनेजमेन्ट ऑफ द आर्मर्ड सैल्फिन कैटफिश, *प्टेरिगोप्लिच्थिस परडालिस* इन केरल, इंडिया। *जर्नल ऑफ फिश बायोलॉजी*, 96(2), 549-553.
https://doi.org/10.1111/jfb.14243

26. सिद्धार्थन, आर्य; राघवन, राजीव; अनूप, वासुदेवन कोमलवल्ली; फिलिप, सिबी; **डहानुकर, नीलेश**. 2020। रिडल ऑन द राइफल: मियोसीन डाइवर्सिफिकेशन एंड बायोजिओग्राफी ऑफ एंडेमिक माउन्टेन लोचेस इन द वेस्टर्न घाट्स बायोडाइवर्सिटी हॉटस्पॉट। *जर्नल ऑफ बायोजिओग्राफी*, 47(12), 2741-2754.
https://doi.org/10.1111/jbi.13972

27. सुदाससिंघे, हिरण्या; पेथियागोदा, रोहन; राघवन, राजीव; **डहानुकर, नीलेश**; रुएबर, लुकास; मीगासकुम्बुरा, माधवा. 2020। डाइवर्सिटी, फाइलोजेनी एंड बायोजिओग्राफी ऑफ सिस्टोमस (टेलोस्टेई: साइप्रिनिडे) इन श्री लंका। *जूलॉजिका स्क्रिप्टा*, 49(6), 710-731.
https://doi.org/10.1111/zsc.12445

28. सुदाससिंघे, हिरण्या; पेथियागोदा, रोहन; राणासिंघे, राणासिंघे हेत्तियाराचिगे थारिन्दु; राघवन, राजीव;**डहानुकर, नीलेश**; मीगासकुम्बुरा, माधवा. 2020। ए मोलेक्यूलर फाइलोजेनी ऑफ द फ्रेशवॉटर-फिश जीनस रसबोरा (टेलोस्टेई: साइप्रिनिडे) इन श्री लंका रिवील्स ए रिमार्केबल डाइवर्सिफिकेशन-एंड ए क्रिप्टिक स्पीसीज। *जर्नल ऑफ ज़ूलॉजिकल सिस्टमेटिक्स एंड इवॉल्यूशनरी रिसर्च*, 58(4), 1076-1110.
https://doi.org/10.1111/jzs.12395

29. देशपांडे, झेलम एन.; काल्ट्ज, ओलिवर; फ्रोनहोफर, इमानुएल ए. 2020। होस्ट-पैरासाइट डाइनेमिक्स सेट द इकोलॉजिकल थिएटर फॉर दि इवॉल्यूशन ऑफ स्टेट- एंड कॉन्टेक्स्ट-डिपेनेन्डेन्ट डिस्पर्सल इन होस्ट्स। *ओआईकेओएस*, 130(1), 121-132.
